हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

13 लाडो लक्ष्मी योजना के तहत राजकीय महिला...


14 फरीदाबाद ने कुरुक्षेत्र को हराया, पानीपत...


**खबर संक्षेप**

### राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता 29 से

**चरखी दादरी।** हरियाणवी संस्कृति के सही रूप को संजोने और उसका देश दुनिया में प्रचार प्रसार करने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के सहयोग से हरियाणा लोक कला संघ, रोहतक द्वारा राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। डीआईपीआरओ संदीप हुड्डा ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा रोहतक के एंडी स्टूडियो में 29 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जाएगा।

### फिटनेस कोच प्रिंस रेमो को मिले अवॉर्ड

**भिवानी।** भिवानी के युवा डांसर, कोरियोग्राफर और फिटनेस कोच प्रिंस रेमो को हाल ही में तीन बड़े



सम्मानों से नवाजा गया है। उन्हें इंटरनेशनल ओलंपिक डे पर चैंपियंस ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड, वर्ल्ड रिफ्यूजी डे पर ह्यूमैनिटी गार्जियन अवॉर्ड तथ पीएम मोदी विजन ऑफ भारत अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान उनकी कला, समर्पण और समाज में उनके योगदान को दर्शाते हैं। प्रिंस रैमो ने कहा कि भिवानी को खेल नगरी के नाम से जाना जाता है, लेकिन उनका उद्देश्य है कि यहां के नृत्य कलाकारों को उचित मंच मिले, जिसके लिए वे हमेशा प्रयसरत्त रहते है।

### कुसुंभी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

**भिवानी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार 26 सितंबर को जिला प्रशासन द्वारा गांव कुसुंभी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दरबार लगाया जाएगा, जिसमें उपायुक्त साहिल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि उपायुक्त साहिल गुप्ता शुक्रवार शाम 26 सितंबर को जिला के कुसुंभी के राजकीय वमावि में ग्रामीणों से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान संवाद करेंगे।

### कपास व बाजरे की फसल में लगी आग

**बाढ़ड़ा।** भांडवा में वीरवार को अचानक लगी आग से किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार गांव के खेतों में नहर के पास बाजरे व कपास की फसल में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते 10 एकड़ में बाजरे व कपास की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक कई किसानों की मेहनत आग की भेंट चढ़ चुकी थी।

## खुश खबरी: रेलवे स्टेशन से लेकर सराय चौपटा तक के मॉल रोड का होगा निर्माण

**शहर के लोगों दस साल पुराना सपना होगा पूरा**

# 5.25 करोड़ की लागत से संवरेगा माल रोड आधुनिक एवं सुंदर बाजार का होगा सपना पूरा

- नप के इस कदम से शहर की सुंदरता को पंख लगेंगे: विधायक
- आधुनिक एवं सुंदर शहर के लिए मील का पत्थर साबित होग: भवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अब शहर के लोगों के लिए खुश खबरी। रेलवे स्टेशन से लेकर सराय चौपटा तक के मॉल रोड करीब सवा पांच करोड़ की लागत से संवरेगा। गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से घंटाघर चौक पर नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। इस दौरान विधायक श्री सर्राफ ने वहां पर मौजूद लोगों का मुंह मीठा करवाया। विधायक सर्राफ ने कहा कि नप के इस कदम से शहर की सुंदरता को पंख लग जाएंगे। शहर के लोगों की करीब दस-12 साल पुरानी मांग पूरी हुई थी।

वहीं नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि मॉल रोड के निर्माण के बाद आधुनिक एवं सुंदर शहर के लिए मील का पत्थर साबित होगा तथा एक सुंदर की स्थापना शुरू हो जाएगी। रेलवे स्टेशन से लेकर सराय चौपटा तक के बाजार के सौंदर्यकरण में सफलता मिलने के बाद शहर के अन्य बाजारों को भी सुंदर व सौंदर्यकरण किया जाएगा। ताकि शहर की सुंदरता को पंख लग सके। इस मौके पर संदीप तंवर वाईस चेयरप्रसन, सुदामा सिंह, मनोज खनगवाल, अतूल रोहिला घंटाघर मार्केट प्रधान,नप पार्षद सुभाष तंवर, संदीप यादव, पवन सैनी के अलावा अनेक पार्षद व गणमान्य लोग मौजूद थे।





भिवानी। माल रोड के कार्य का शुभारंभ करवाते विधायक सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह और इस तरह का होगा मॉल रोड। बनने वाले मॉल रोड का प्रस्तावित चित्र। फाइल फोटो।

#### राजस्थानी पत्थर लगेंगे

मॉल रोड के निर्माण के दौरान सड़क के बीचोबीच डिवाइडर बनाए जाएंगे और उन पर फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही इन पर स्ट्रीट लाइटें भी लगवाई जाएगी। साथ ही सड़क के साथ साथ पगडंडी भी बनाई जाएगी। ताकि पैदल चलने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। साथ ही सभी चौक चौराहों पर नक्कासी किए हुए राजस्थानी पत्थर लगाए जाएंगे। ताकि शहर की सुंदरता को पंख लग जाएंगे। इनके अलावा शहर के हरेक चौक व चौराहों पर बाजार में आने वाले हर व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे की जद में होंगे। दूसरी तरफ मॉल रोड के निर्माण के बाद बाजार की सभी सड़के खुली खुली नजर आएंगी।

#### आधुनिक तरीके से होगा तैयार

विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि उक्त मॉल रोड के निर्माण कार्य पर सवा पांच करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिससे शहर की सुंदरता को पंख लग जाएंगे। अगर इससे ज्यादा बजट की जरूरत पड़ी तो वे नप को अतिरिक्त बजट भी मुहैया करवाएंगे। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन से लेकर सराय चौपटा तक के रोड को आधुनिक तरीके से तैयार करवाया जाएगा। इस रोड के निर्माण के बाद आधुनिक व सुंदर शहर की स्थापना शुरू हो जाएगी। वे इस कार्य के लिए शहरी निकाय विभाग के आला अधिकारियों से कई बार मुलाकात की।

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

नगरपरिषद की चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि दस-15 वर्षो से शहर की लोगों को मॉल रोड के निर्माण का इंतजार था। आज वह आधुनिक बाजार के कार्य का शुभारंभ करवाया है। इस रोड के निर्माण शहर की सुंदरता का मील का पत्थर साबित होगा। सभी रास्ते खुले खुले होंगे। पगडंडी व सड़क के बीच बनने वाले डिवाईडरों पर फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। ताकि शहर के बीच में हरियाली नजर आए। दुधिया रोशनी से शहर जगमगाएगा। इस रोड के बीच में आने वाले हर चौक व चौराहें पर नक्कासी किए हुए राजस्थानी पत्थर लगवाए जाएंगे। ताकि शहर के बीच आने वाले हर व्यक्ति आधुनिक बाजार की तरफ लालायित हो सके। इस रोड के निर्माण में किसी भी दुकानदार को कोई अनुचित परेशानी न हो। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन्स की बैठक, लंबित शिकायतों पर चर्चा

- सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि मुख्यमंत्री द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू की गई सीएम विंडो व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भिवानी विधानसभा के पांचों एमिनेट पर्सन्स की एक महत्वपूर्ण बैठक वीरवार को स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित राजकुमार सैनी के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सीएम विंडो पर लंबित पड़ी शिकायतों के समाधान को लेकर गहन मंथन किया गया।



भिवानी। सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन्स की आयोजित बैठक में मंथन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

बैठक में पांचों एमिनेट पर्सन्स शिवकुमार पराशर, राजकुमार सैनी, अनिल सोलंकी, नरेंद्र ग्रेवाल और केके ग्रोवर उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा विभिन्न सरकारी विभागों में लंबे समय से लंबित पड़ी सीएम विंडो शिकायतों पर विचार करना था। सभी सदस्यों ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सौंपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी और प्राथमिकता के साथ निभाएंगे। इस दौरान एमिनेट पर्सन्स शिवकुमार पराशर, राजकुमार सैनी, अनिल सोलंकी, नरेंद्र ग्रेवाल और केके ग्रोवर ने यह भी स्पष्ट किया कि वे जनहित के कार्यों में कोई कोताही नहीं बरतेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सीएम विंडो पर आने वाली हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई हो। उन्होंने बताया कि बैठक को सीएम विंडो प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने पर चर्चा की गई।

### एडवोकेट संजय बने लोहारू मार्केट कमेटी के चेयरमैन

**लोहारू।** बीते दिवस सरकार द्वारा जारी की गई प्रदेश की विभिन्न मार्केट कमेटी के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की सूची में लोहारू बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट संजय नेहरा को लोहारू मार्केट कमेटी का चेयरमैन और युवा नेता सुभाष सैनी ढाणी सुरजा को वाइस चेयरमैन मनोनीत किया है। एडवोकेट संजय नेहरा और सुभाष सैनी ने अपने मनोनयन पर मुख्यमंत्री और पूर्वमंत्री दलाल सहित पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार जताया। मार्केट कमेटी चेयरमैन संजय नेहरा व वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी ने कहा कि लोहारू इलाके के किसानों, व्यापारियों की शिकायतों का प्राथमिकता से निपटारा किया जाएगा। उनके नेतृत्व में मार्केट कमेटी व्यापारियों और किसानों के हित में एतिहासिक फैसले लेगी। मार्केट कमेटी में आने वाली शिकायतों को बेहतर ढंग से निवारण करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## जिला स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने बिखेरे रंग

**विजेता प्रतिभागी पंचकूला में दिखाएंगे दमखम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल भिवानी में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा विनय कुमार जिंदल के मार्गदर्शन एवं सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा के नेतृत्व में जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता हुई। नोडल अधिकारी विवेक अदलखा ने बतलाया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिन विद्यार्थियों ने खंड स्तर पर नृत्य, दृश्य कला, संगीत, वादन, एकल गायन, समूह नृत्य, समूह गायन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्हीं विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया है। जिला स्तर पर आने वाले प्रथम प्रतिभागी को आगामी राज्य स्तर की प्रतियोगिता पंचकूला में अपने हुनर का प्रदर्शन करना होगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा उभरकर सामने आई है। सभी विजेता प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी डॉक्टर अनिल गौड़, खंड शिक्षा अधिकारी लोहारू विजय प्रभा, सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा, प्रवक्ता प्रवेश गौतम, जिला लेखाकार सौरव खुराना तथा लेखाकार भिवानी खंड प्रवीन काठपाल द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। मंच संचालन की भूमिका डॉक्टर हनीफ भट्टी ने निभाई। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर आनंदवर्धन शर्मा, विनय कुमार, ज्योति शेखावत, लियाकत अली, कुलभूषण, साहिल वधवा, सतविंदर, सीमा की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल प्राचार्य मीनाक्षी तथा उप प्राचार्य रचना, नृत्य अध्यापक मनोज सहित समस्त स्टाफ का योगदान शानदार रहा।



बवानीखेड़ा। जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में उपस्थिजन।

## रवि महमिया बने मार्केट कमेटी के चेयरमैन

- जुई मार्केट कमेटी में मीरसिंह चेयरमैन व दीपक को वाइस चेयरमैन बने
- लोहारू मार्केट कमेटी से संजय चेयरमैन बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



सरकार ने सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बनाने के बाद बुधवार देर शाम प्रदेश के 22 जिलों की 110 मार्केट कमेटियों के चेयरमैन और वाइस चेयरमैनों की सूची जारी कर दी। इसमें जिले की भिवानी, बहल, तोशाम, जुई, लोहारू, सिवानी और बवानीखेड़ा मार्केट कमेटियां भी शामिल है जिनके चेयरमैन और वाइस चेयरमैन बनाए गए है।

जिले की भिवानी मार्केट कमेटी में कृष्ण लाल को चेयरमैन, संजय मेहता को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। जुई मार्केट कमेटी में मीरसिंह को चेयरमैन व दीपक को वाइस चेयरमैन का पद मिला है। इसके अलावा लोहारू मार्केट कमेटी से संजय नेहरा को चेयरमैन व सुभाष सैनी को वाइस चेयरमैन, सिवानी मार्केट कमेटी से संजय राहड़ को चेयरमैन व पूजा रानी को वाइस चेयरमैन, तोशाम मार्केट कमेटी में चरणदेव महता की चेयरमैन व सचिन की वाइस चेयरमैन पद पर नियुक्ति हुई है। वहीं, बवानीखेड़ा मार्केट कमेटी से राजेन्द्र कुमार को चेयरमैन व पतराम को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। बहल मार्केट कमेटी में चेयरमैन का पद रवि महमिया को मिला है। रवि महमिया की नियुक्ति पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र मंढोली, बीडीसी पंचायत समिति की वाइस चेयरमैन प्रमिला मान, सरपंच साधूराम पनिहार का आभार जताया।

## डेंगू पीड़ित की मदद को आगे आया पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट, दो युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की है। भिवानी के निजी अस्पताल में भर्ती डेंगू पीड़ित मरीज की स्थिति उस समय गंभीर हो गई, जब उसकी प्लेटलेट्स संख्या घटकर करीब 20 हजार के आसपास पहुंच गई। आपातकालीन स्थिति में मरीज के परिजनों को रक्त की तत्काल आवश्यकता हुई। मरीज के परिजन जब इस मुश्किल घड़ी में मदद की तलाश में थे, तब उन्होंने ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल से संपर्क किया।

संभ्रवाल ने तुरंत अपनी टीम को सक्रिय किया और दो युवा योगेश जांगड़ा ने 7वीं बार व सतपाल रक्तदान करने पहुंचे। दोनों युवाओं ने समय पर दो यूनिट रक्तदान कर मरीज का जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाई। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने दोनों रक्तदाताओं को सम्मानित किया और उनके साहसिक व मानवतावादी योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय किसी इंसान की मदद करना ही सच्ची मानव सेवा है। रक्तदान जैसे कार्य से न केवल मरीज को जीवन मिलता है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। संभ्रवाल ने बताया कि पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट हमेशा से समाज की सेवा के लिए तत्पर रहा है और भविष्य में भी इसी तरह हर जरूरतमंद की मदद करने के लिए ट्रस्ट की टीम प्रतिबद्ध रहेगी। घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयास और निःस्वार्थ सेवा ही मानवता की असली पहचान है।

इस अवसर पर आरिफ, विरेंद्र मिंटू, रोहित, संदीप रंगा, संदीप मेहरा, फ्रीडम ब्लड बैंककर्मी डॉ. संदीप, योगेश जांगड़ा, जीएनएम कविता, केशव प्रजापत, अजय शर्मा, सतीश आदि मौजूद रहे।



भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

**डीसी ने मौके पर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

## उपायुक्त ने खेतों में पहुंचकर की गिरदावरी की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने वीरवार जिले के विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर फसल की राजस्व विभाग द्वारा की गई ई गिरदावरी की जांच पड़ताल की। उन्होंने मौके का मुआयना कर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा तैयार किए गिरदावरी रिकार्ड का खेतों में खड़ी फसलों के साथ मिलान किया और किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए उपायुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा गिरदावरी की जांच पड़ताल खेतों में जाकर की जा रही है। उन्होंने पड़ताल के दौरान राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि गिरदावरी बहुत महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए यह कार्य शत-प्रतिशत ठीक होना चाहिए। सरकार द्वारा गिरदावरी के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों के आधार पर किसान हितैषी नीति बनती है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा प्रत्येक फसल चक्र यानि रबी और खरीफ की फसल की गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को रिपोर्ट भेजी जाती है। उन्होंने गिरदावरी जांच-पड़ताल के दौरान राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी के रिकार्ड का भी मिलान किया। उन्होंने किसानों से बात की तथा उनकी समस्याओं को सुना। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमानुसार निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने राजस्व विभाग के कर्मियों के साथ बातचीत में कहा कि फसल गिरदावरी के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों के आधार पर फसल की खरीद, परिवहन, भंडारण सहित अन्य किसान हितैषी कदम उठाए जा रहे हैं।



### फसल अवशेष को जलाने पर निगरानी के लिए कृषि विभाग ने किया टीमों का गठन, प्रसासन मुस्तैद

- राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, पुलिस विभाग व कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटी लगाई है

**भिवानी।** सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी द्वारा वातावरण को धुआं रहित बनाने को लेकर सरकार को दिए गए आदेशों के तहत डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को पूर्णरूप से रोकने के लिए कृषि विभाग द्वारा टीमें गठित कर दी गई हैं। फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों की निगरानी करनी शुरु कर दी। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फौगाट ने बताया कि अभी तक जिले मे आगजनी को कोई केस नही आया है, लेकिन डीसी गुप्ता के निर्देशानुसार कृषि विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। आमतौर पर मौटे फसल अवशेष को किसान आग लगाते हैं, जो पर्यावरण के साथ-साथ खेत के लिए भी नुकसानदायक है। इस बार कृषि विभाग जिलें मे फसल अवशेष में आगजनी को लेकर जीरों बर्निंग केस का लक्ष्य लेकर काम कर रहा है।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेश कुमार के दिशा निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीजेएम संजीव काजला की अध्यक्षता में आशा यूनिट बाल विवाह उन्मूलन के लिए सशक्त पहलू और नालसा न्यायिक जागरूकता और पारदर्शिता को को बढ़ावा आदि अभियान जो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू किए गए हैं।

उसी के अंतर्गत समिति के सभी सदस्यों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आशा यूनिट के अंतर्गत आयोजित सत्र में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कार्रवाई आधारित रणनीतियों पर चर्चा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि इस यूनिट का उद्देश्य बाल विवाह को समाप्त करने करने के लिए, जागरूकता अभियान, समुदाय आधारित हस्तक्षेप तथा जरूरतमंद बच्चों और परिवारों को सहायता प्रदान करना है।



भिवानी। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### भगत सिंह के जन्मदिवस पर 28 को लगेगा शिविर

**चरखी दादरी।** देश के महान क्रांतिकारी वीर सपूत शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस पर गांव समसपुर में निःशुल्क नेत्र, दंत जांच चिकित्सा शिविर व रक्तदान कैंप का आयोजन 28 सिंतबर रविवार को किया जाएगा। जय बाबा समाधवाले के आशीर्वाद तथा समस्त ग्रामीणों के सहयोग से ये आयोजन होगा।

### वैश्य कॉलेज पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### सांसद ने नई जीएसटी दरों को लेकर की चर्चा

**चरखी दादरी ।** जीएसटी की नई दरें लागू हो चुकी हैं और इसी अनुसार घटे हुए दामों पर उत्पाद बेचे जा सकते हैं। ग्राहकों को नई जीएसटी दरों के प्रति जागरूक होना होगा। साथ ही दुकानदारों को भी संबंधित कंपनियों से नई जीएसटी दरों के मुताबिक सामान के मूल्य को निर्धारित करवानी होंगी। सांसद धर्मबीर सिंह वीरवार सुबह पूरानी अनाजमंडी में दुकानदारों से नई जीएसटी दरों को लेकर चर्चा कर रह थे। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू हो गई हैं, ऐसे में पुराने रेट पर सामान नहीं बेचा जा सकता है।

### साइबर सुरक्षा के बचाव संबंधी जानकारी

**भिवानी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भिवानी के एसपी सुमित ने किया। उनके मार्गदर्शन में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन भिवानी के अधिकारी विष्णु सिंह तथा उनकी टीम के सदस्य गौरव, आकाश और रोहित उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**चरखी दादरी ।** महिला कॉलेज झोझू कलां में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के द्वारा चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता पर छात्राओं को शपथ दिलवाई तथा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के खजांची मांगे राम की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं है बल्कि हमारी दिनचर्या का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू सांगवान व डॉ. शर्मिला कुमारी ने बताया कि सभी स्वयं सेवक मिलकर स्वच्छता पर कार्य करें तो एक दिन अपना भारत स्वच्छता की कसौटी पर खरा उतरेगा और गांधी का सपना पूरा करने में सहयोग मिलेगा। इसके उपरान्त स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता ही सेवा है'

## नपा सहित बीडीपीओ, अधिकारियों व कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा

# लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 150 के करीब फार्म हुए ऑनलाइन

### राजकीय महिला कॉलेज में उमड़ी भीड़

दीपककुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

सरकार द्वारा नवरात्रों पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरू की जिसके बवानी खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय को चिन्हित करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को महिलाओं के फॉर्म आवेदित करने के लिए तैनात किया गया।

इस योजना को सफल बनाने के लिए बीडीपीओ सतेन्द्र बेनीवाल के आदेशानुसार सहायक सामान्य आजाद सिंह के नेतृत्व में लिपिक जितेन्द्र, 29 ग्राम सचिव व नपा सचिव संदीप गर्ग, नपा प्रधान सुंदर अत्री के नेतृत्व में नपा टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य किया। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार किए गए सभी वायदे निभाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है, चाहे कोई भी जरूरतमंद वर्ग हो, उसके उत्थान के किए काम किए जा रहे हैं। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत इसका जीता जागता उदाहरण है। महिला उत्थान के लिए किया गया वायदा आज मूर्त रूप ले रहा है। लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए आवेदन करते हुए व मौजूद भीड़। फोटो : हरिभूमि

#### इन दस्तावेजों की है जरूरत

बीडीपीओ कार्यालय से सहायक सामान्य आजाद सिंह ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने लिए महिला का आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता, परिवार पहचान पत्र, बिजली बिल, माता-पिता, सास-ससुर के आधार कार्ड, यदि माता-पिता, सास-ससुर मृतक है तो मृत्यु प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की आवश्यकता है। अधूरे कागजातों से आवेदन सफल नहीं होगा। वहीं उन्होंने बताया कि अधूर कागजातों के कारण 300 के करीबन आवेदन पूरे नहीं हो सके।

#### योजना होगी मील का पत्थर साबित

विधायक कपूर वाल्मीकि एवं नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सशक्तिकरण करने की दिशा में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना एक बडा कदम है। वर्ष 2025-26 के लिए इसके लिए पांच हजार करोड़ रूपए का योजना के लिए पहले ही प्रावधान कर दिया गया है। भाजपा के संकल्प पत्र के वायदे को पूरा किया जा रहा है। आने वाले समय में योजना के दायरे में बढ़ोतरी होगी और महिलाओं को मजबूत करना ही सरकार का उद्देश्य है।

#### एक समय में अधिक फार्म अप्लाई के लिए लगाई अनेक केबल

राजकीय महिला महाविद्यालय में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए अनेक महिलाओं ने भाग लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी 10 केबल लगाई गई ताकि एक समय में अनेक महिलाओं के आवेदन आवेदित हो सके। हालांकि पहला दिन होने के कारण प्रोसेस होने में समय लग रहा था और पूरा न होने पर फार्म बैक मार रहे थे। एक फार्म भरने में लगभग आधा-आधा घंटा लग रहा था लेकिन फिर भी सभी इस प्रक्रिया में जुटे रहे। यह प्रक्रिया वीरवार 11 बजे शुरू होकर 3 बजे तक चली।

### गरीब परिवारों की महिलाओं को अनुपम उपहारः विधायक घनश्याम सर्राफ

**भिवानी।** विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना जरूरतमंद महिलाओं के लिए बहुत ही सहायक साबित होगी। इससे परिवार में समृद्धि और खुशहाली आएगी। इससे गरीब परिवारों की महिलाओं के माथे से चिंता की लकीरें दूर हुई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने लाडो लक्ष्मी योजना लागू कर गरीब परिवारों की महिलाओं को एक अनुपम उपहार दिया है। विधायक सर्राफ वीरवार को लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ पर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पंचकूला में लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ का कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जहां से मुख्यमंत्री सैनी ने योजना के पंजीकरण के लिए एप लॉन्च की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने मुख्यमंत्री सैनी को संदेश को भी गौर से सुना।

### लाडो लक्ष्मी योजना प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनूठा कदम : श्रुति चौधरी



**तोशाम।** महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। यह महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कारगर साबित होगी। यह महिलाओं को सशक्त बनाने में सरकार का अनूठा कदम है। इस योजना के तहत राज्य की जरूरतमंद पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह न केवल आर्थिक मदद है, बल्कि आत्म सम्मान की पूंजी है। श्रुति चौधरी वीरवार को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर तोशाम स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थी। इस मौके पर डीसी साहिल आईएएस और एसडीएम रवि मीणा आईएएस भी मौजूद रहे।

### एक लाख रुपये वार्षिक आय वाली प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को मिलेगा लाभः दलाल

**लोहारू ।** पूर्वमंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना मील का पत्थर साबित होगी और योजना के माध्यम से एक लाख आय वाली प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को पहले चरण में 2100 रुपये प्रतिमाह का लाभ मिलेगा। योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं का जीवन खुशहाल होगा। पूर्वमंत्री दलाल वीरवार को बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के स्वस्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया और निःशुल्क चश्मा वितरित किए।

## अस्पताल में जन्म लेने वाली बेटियों को किया सम्मानित

- शिविर का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिनोद चौक स्थित अंचल नर्सिंग होम में गुरुवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने किया। इस अवसर पर भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ मुख्य अतिथि थे।

विधायक घनश्याम सर्राफ ने अंचल अस्पताल के इस मुहिम को बहुत सराहा और कहा कि मातृशक्ति को सम्मान देना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि जब देश की नारी स्वस्थ होगी तो परिवार भी सशक्त होंगे, इसमें किसी प्रकार की दो राय नहीं होनी चाहिए। जैस्मिन लम्बोरिया ने कहा कि वह घर में तीसरे नंबर की बेटी है। माता-पिता ने पूरे लाड चाव से न केवल उनकी परवरिश की बल्कि खेलों में भी आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक घनश्याम सर्राफ और जैस्मिन लम्बोरिया ने अस्पताल में जन्म लेने वाली चार कन्याओं को अनन्या बेटी योजना के तहत 1100 रुपये, मिठाई और ड्रेस देकर सम्मानित किया और इसकी बहुत सराहना की।

इस अवसर पर विधायक घनश्याम सर्राफ और अंचल नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. विनोद अंचल व अनीता अंचल ने विश्व मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली जैस्मिन लम्बोरिया को स्वामी ज्ञानानंद के शुभ आशीष के रूप में गीता प्रेरणा भेंटकर और शॉल उड़ाकर सम्मानित किया



**भिवानी।** नवजात बेटियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### शिविर का 155 रोगियों ने लाभ उठाया

शिविर में 155 रोगियों ने लाभ उठाया, जिनमें से 102 महिलाएं और 53 पुरुष थे। शिविर में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच बीपी, शुगर, कैंसर, एनीमिया और टीबी जैसी बीमारियों की जांच- महिला और किशोरियों की जांचः मासिक धर्म और पोषण से जुड़ी जानकारियां और परामर्श- गर्भवती महिलाओं की देखभाल नियमित जांच और पोषण संबंधी जानकारी- आयुष्मान कार्ड और अन्य सुविधाएंः आयुष्मान कार्ड, मातृ शिविर कार्ड और आभा कार्ड का पंजीकरण शिविर में सेवाएं देने वाले डॉक्टर डॉ. विनोद अंचल- डॉ. कृष्ण कुमार, जनरल सर्जन- डॉ. अनीता अंचल, स्त्री रोग चिकित्सक,-डॉ. प्रियंका, स्त्री रोग विशेषज्ञ,-डॉ. मीनू यादव, बच्चों की विशेषज्ञ, डॉ. पूजा, स्त्री रोग चिकित्सक, डॉ. कविता, स्त्री रोग चिकित्सक आदि उपस्थित थी।

## एनएसएस विद्यार्थियों ने श्रमदान और प्रभात फेरी से दिया सेवाभाव का संदेश

- समाजसेवा व राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका : पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेवा पखवाड़ा के तहत गांव सांगा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन और सेवाभाव का जीवंत उदाहरण बना रहा। कार्यक्रम अधिकारी रामधन शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सुरिंद्र कुमार मिगलानी के निर्देशन में किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि एनएसएस का मूल उद्देश्य युवाओं में सेवाभाव, अनुशासन और श्रमदान की भावना को जागृत करना है। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेवकों को संगठन के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तृत व्याख्यान से हुई।



**भिवानी।** एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को स्वच्छता का संदेश देते शिक्षक।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अजय कुमार व पूनम रानी ने कहा कि स्वयंसेवकों ने अपनी मेहनत से यह संदेश दिया है कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। इस सफल आयोजन में सुरेंद्र कुमार मिगलानी, पूनम रानी, ज्योति सुहाग, अजय कुमार, सुरेंद्र शर्मा, शिवानी, सुमन शर्मा, सुमन बायल, संजीव, जयप्रकाश वर्मा और सुभाष आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पोस्टर मेकिंग में कीर्ति व स्लोगन लेखन में शिखा ने मार ली बाजी





**भिवानी।** विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य कॉलेज में स्वच्छता पर पोस्टर मेकिंग व श्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में शिक्षण संस्थान बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते है, अगर हमें विभिन्न बीमारियों एवं महामारी से बचाना है तो स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा, क्योंकि स्वच्छता आज समय की जरूरत है। स्वच्छता कायम करने में हम सबकी सहभागिता अनिवार्य है, ये बात पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कीर्ति ने प्रथम, पूनम ने द्वितीय व संदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में शिखा प्रथम और मेघवी द्वितीय रही।

## जिला स्तरीय कार्याशाला का आयोजन

## हर नागरिक की जागरूकता से देश बनेगा आत्मनिर्भर : वीरेंद

- भाजपा जिला अध्यक्षकौशिक ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से जिला भाजपा कार्यालय में वीरवार को एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कौशिक ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूक बनना पड़ेगा।



**भिवानी।** एकत्रित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक आत्मनिर्भर भारत सुनीता दांगी, प्रदेश आत्मनिर्भर भारत के सह संयोजक संदीप सजुमा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नंदराम धनिया, मीना परमार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य ठाकुर विक्रम सिंह, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल व रेखा राघव, मनोज ढाणा, विनोद चावला, जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, विशालजीत सिंह, प्रदीप प्रजापति, सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक संदीप श्योराण, अनुज तंवर, सुनील डावर, शालू अरोड़ा, नविता तंवर, शंकुतला, धीरज शर्मा, पिंकी नागर, शिवराज बागड़ी, रविंद्र बापोड़ा, अंकित पालुवास, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, सूर्या प्रताप, सुनील शर्मा, टोनी राठौर, राहुल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत हुडा सेक्टर बवानीखेड़ा में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत हुड्डा सेक्टर, बवानी खेड़ा में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका टीम ने पूरे क्षेत्र में सफाई कार्य कर कचरा उठाया तथा नालियों की सफाई करवाई।

नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग, मंडल प्रभारी विनोद चावला, रामगोपाल, जगदंबा महता, ज्ञान चंद, विजय कौशिक, गजेन्द्र तवंर, पार्षद अशोक कुमार, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, बलराम गुज्जर, कंप्यूटर ऑपरेटर संजय मलिक, लेखाकार शिवपाल, अजीत कुमार, सफाई दरोगा प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, दिलबाग सिंह, परवीन आदि ने अपनी अहम भूमिका अदा की। नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य आमजन को स्वच्छता और सेवा भाव से जोड़ना है।

उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखें और प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें। इस अवसर पर पालिका कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।



**बवानीखेड़ा।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान चलाते हुए।

## किसान सभा ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कीर्ति नगर में अखिल भारतीय किसान सभा ब्लॉक भिवानी व समता पार्क कमेटी ने स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व उपप्रधानमंत्री दिवंगत चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती मनाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा की ब्लाक प्रधान संतोष देशवाल व समता पार्क कमेटी प्रधान राजवीर बोहरा ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन सभा के ब्लॉक सचिव करतार ग्रेवाल ने किया। किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व स्वतंत्रता सेनानी उतराधिकार कल्याण संगठन के राज्य अध्यक्ष महेंद्रपाल यादव ने कहा कि 1928 में चौधरी देवीलाल ने 14 वर्ष की आयु में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साईमन कमीशन के बायकाट में भाग लिया था तथा 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेकर दो वर्ष से अधिक समय जेल काटी थी। उन्होंने स्वयं अपने पिता का विरोध कर मुजारे किसानों का समर्थन किया था।

## आस्था स्पेशल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

# पं. दीनदयाल और ताऊ देवीलाल को किया नमन

### कार्यक्रम में दिव्यांग नेत्रहीन शुभम ने भजन प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आस्था स्पेशल स्कूल एवं चौधरी देवीलाल विचार मंच के संयुक्त तत्वाधान में देश की महान विभूति एवं सामाजिक विचारधारा को परिवर्तन करने वाले युग पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती मनाई गई।

अतिथियों, शिक्षकों व दिव्यांग बच्चों ने पंडित दीनदयाल व ताऊ देवीलाल नमन कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में दिव्यांग नेत्रहीन शुभम ने भजन प्रस्तुत किया और प्रियंका ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाया। सभी आगंतुकों ने चित्र पर पुष्पांजलि के साथ केक काटकर एवं सहभोज कर आयोजन किया।

इस अवसर संतोष, उषा देवी, विकास, मोनिका, शामली, रवि, दिवशी, कुहू, सायरा, रवि, अमरदीप, स्कूल स्टाफ और दिव्यांग बच्चे मौजूद रहे।



**भिवानी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय व ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि देते अतिथि, शिक्षक व दिव्यांग विद्यार्थी।

#### अनपढ़ लोग हमारे नारायण हैं

कार्यक्रम में सानिध्य मंच के अध्यक्ष विजय सिंह गोठड़ा का रहा। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि दोनों विभूतियों का समाज के लिए अनूठा योगदान रहा, जिसके लिए आज पूरा देश उनको नमन करता है। पंडितजी का मानना था कि राष्ट्र के निर्धनता और शिक्षा को दूर किए बिना वास्तविक उन्नति संभव नहीं है। निर्धन और अशिक्षित लोगों की उन्नति के लिए उन्होंने अंत्योदय की संकल्पना का सुझाव दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि अनपढ़ लोग हमारे नारायण हैं, हमें इनकी पूजा करनी है। डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारतीय सनातनी संस्कृति को एकात्म और मनुष्यत्व की धारा को एक नया आधुनिक धार्मिक स्वरूप दिया।

### सागवान व बीरण में ग्रामीणों के बीच जाकर मंत्री ने ली जानकारी

**तोशाम।** प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी वीरवार को गांव सागवान व बीरण में पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर गांव में पानी निकासी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सिंचाई विभाग और सरकार आपके साथ खड़ी है। जलभराव से किसानों व आमजन को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। सिंचाई जल संसाधन मंत्री चौधरी वीरवार को लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर तोशाम स्थित चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची थी। यहां पर कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात वे गांव सागवान और बीरण में पहुंची, जहां पर बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बनी। हालांकि यहां पर पानी निकासी का कार्य चल रहा है। श्रुति चौधरी ने ग्रामीणों से जलभराव से हुए नुकसान और पानी निकासी के प्रबंधों के बारे में जानकारी ली।

## खबर संक्षेप



### भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** गुरुवार को भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई और उन्हें नमन किया। भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत मां के वीर सपूत, सादगी के प्रतीक और देश में प्रगतिशील राजनीति के रचनायक थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 'अन्त्योदय' की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं।

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ तत्वावधान में संयोजक प्रोफेसर मोनिका के निर्देशन व डॉ. भामा, प्रोफेसर मोनिका लांबा, प्रोफेसर बबीता तंवर व डॉ. रूपम के कुशल प्रबंधन में साप्ताहिक स्वरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रशिक्षक के रूप में संजय शर्मा बाबा ब्लैक बेल्ट ने शिरकत की।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**तोशाम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गुरुवार को उन्हें याद करते हुए भाजपा के बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कहा कि एकात्म मानववाद जैसी विचारधारा और अंत्योदय के प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 'अन्त्योदय' की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। इस नीति के तहत मोदी सरकार गरीबों के घरों में गैस का चूल्हा, बिजली, शौचालय, घर, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि "पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने उस समय एक नई विचार धारा को जन्म दिया, जब आज़ादी के तुरंत बाद देश की नीतियां बननी थी।

# पार्षद पूजा सैनी सर्वसम्मति से चुनी गई लोहारू नगर पालिका की उपप्रधान

## लोहारू नपा के इतिहास में पहली महिला उपप्रधान बनने का गौरव हासिल किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

लोहारू नगर पालिका के इतिहास में गुरुवार को नया अध्याय जुड़ गया। दरअसल नगर पालिका लोहारू के उपप्रधान पद के हुए चुनाव में सभी पार्षदों और चेयरमैन ने सर्वसम्मति से वार्ड नंबर 11 की पार्षद पूजा सैनी को उपप्रधान चुन लिया। पूजा ने लोहारू नपा के इतिहास में पहली महिला उपप्रधान बनने का गौरव हासिल किया है। सर्वसम्मति से उपप्रधान चुने जाने पर पूजा सैनी, भाजपा मंडल महामंत्री विपिन सैनी और व्यापार मंडल के प्रधान धनपत सैनी ने पूर्वमंत्री जेपी दलाल, सभी वार्ड पार्षदों और चेयरमैन प्रदीप तायल का आभार जताया।

**खास बातें**

- उपप्रधान पूजा सैनी ने पूर्वमंत्री दलाल व पार्षदों का जताया आभार
- कार्यकर्ताओं ने पूजा का फूल मालाओं से किय स्वागत

### शहर में निकला विजय जुलूस

बता दें कि करीब दस दिन पहले लोहारू नगर पालिका के उपप्रधान पद के चुनावों की तिथि तय हुई थी तथा उसी दिन से पार्षद पूजा सैनी ने नौ पार्षदों का समर्थन मिलने का दावा किया था, जबकि गुरूवार को लोहारू नगर पालिका कार्यालय परिसर में निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल, नपा सचिव तेजपाल सिंह की मौजूदगी में चुनाव में पार्षदों ने पूजा सैनी को सर्वसम्मति से उपप्रधान चुन लिया। चुनाव में पार्षद पूजा, पार्षद सुनील सोलंकी, राजेश सैनी, संजू कुमारी, प्रीति, संतलाल, रवि अग्रवाल, जयसिंह सैनी, दिव्या सैनी, अजय शर्मा, अंतर सिहं आदि शामिल रहे। उपप्रधान चुने जाने पर एसडीएम दलाल, नपा सचिव तेजपाल सिंह ने उन्हें बधाई दी। बाद में कार्यकर्ताओं ने पूजा सैनी और सभी पार्षदों का फूल मालाओं से स्वागत किया। पूजा के उपप्रधान चुने जाने पर उन्हें भाजपा नेता रोहताश लांबा, कृष्ण टीकेवाला, प्रवीण जोशी, संजय जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहताश चौहान, मार्केट कमेटी चेयरमैन संजय नेहरा, वाइस चेयरमैन सुभाष सैनी, पार्षद विजेंद्र सिंह, नवीन कुमार, संजय खंडेलवाल, अश्विनी सैनी, राजेंद्र सिंह सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है। बाद में कार्यकर्ताओं ने शहर मे विजय जुलूस भी निकाला।



**भिवानी।** लोहारू नगर पालिका कार्यालय में उपप्रधान चुने जाने के बाद पार्षदों व कार्यकर्ताओं के साथ उपप्रधान पूजा सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### पूर्वमंत्री दलाल के साथ सांझा की उपप्रधान बनने की खुशी



नगर पालिका की नवनिर्वाचित उपप्रधान पूजा सैनी ने कहा कि सभी पार्षदों ने उन्हें जो जिम्मेदारी और विश्वास से उपप्रधान की बागडोर सौंपी हैं, वे उसका बखूबी निर्वहन करेंगी। वे चेयरमैन प्रदीप तायल और सभी वार्ड पार्षदों के सम्मान को ऊंचा रखते हुए उनके साथ मिलकर शहर के विकास को गति देने का काम करेगी। उपप्रधान चुने जाने के बाद पूजा सैनी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल के साथ खुशी सांझा की और मिठाई बांटकर उनका आभार जताया। दलाल ने कहा कि वे सभी लोहारू के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## भीम स्टेडियम में 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता

# फरीदाबाद ने कुरुक्षेत्र को हराया, पानीपत ने कैथल को हराकर बनाई अपनी जगह







**भिवानी।** बास्केटबाल मैच में एक दूसरे से बाल छीनते हुए, प्रतियोगिता में ऊंची छलांग लगाता एक प्रतिभागी व लंबी कूद स्पर्धा में छलांग मारता एक प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

**पानीपत ने कैथल को 32-15 अंकों से हराया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गुरुवार को भीम स्टेडियम में चल रही 58 वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के अंडर -19 आयुवर्ग में बास्केट बाल स्पर्धा में फरीदाबाद ने कुरुक्षेत्र को 57- 52 अंकों से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब फरीदाबाद अगले चरण में खेलेंगी। वहीं अंडर-14 आयुवर्ग में पानीपत ने कैथल को एकतरफा हराते हुए अगले चरण में अपनी जगह पक्की की है।

पानीपत ने कैथल को 32-15 अंकों के अंतर से हराया। प्रतियोगिता के बाकी मुकाबले शुक्रवार को होंगे। भीम स्टेडियम में प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया व खेल प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाया। इस दौरान प्रतियोगिता के समन्वय अधिकारी सत्यवान कोच, श्रीभगवान व डॉ. अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के अंडर-19 आयुवर्ग में बॉस्केटबाल मैच में जींद व सिरसा के बीच खेला गया। सिरसा ने जींद को 48- 34 अंकों के अंतर से हराया। इसी तरह राई व पलवल के बीच मैच खेला गया। जिसमें राई की टीम ने 35 तथा पलवल की टीम 12 अंक जुटा पाई, जिसके चलते राई की टीम को विजयी घोषित किया गया।

### एथेलेटिक्स में जींद के धावक रहे अव्वल

आयोजित प्रतियोगिता की विभिन्न स्पर्धाओं में जींद के धावकों ने तीन स्पर्धा जीतकर अव्वल रहे,जबकि भिवानी व पानीपत के धावकों ने दो दो स्पर्धाएं जीती और दोनों जिलों के धावकों का स्कोर बराबरी पर रहा। प्रतियोगिता के अंडर-19 आयुवर्ग की दौ सौ मीटर दौड़ में जींद के दीपक कुमार पहले स्थान पर रहे।इसी तरह 400 मीटर की बाधा दौड़ में फतेहाबाद के शुभम,110 मीटर की बाधा दौड़ में हसं कुमार हिसार, 800 मीटर की बाधा दौड़ में सारांश रोहतक तथा सौ मीटर की दौड में जींद के अमन कुमार पहले स्थान पर रहे। इसी तरह इसी आयुवर्ग के बांस कूद(पोल वाल्ट) में शिवम दादरी पहले स्थान पर रहे।

### ये रहे मौजूद

आयोजन समिति में बीईओ महेंद्र सिंह गिल, डॉ. अनिल गौड़, डॉ. सुरेंद्र कुमार सिवानी, विजय प्रभा लोहारू,प्राचार्य पवन शास्त्री, विजय परमार, भगत सिंह, भावेद मुदगिल, प्रीतपाल डीपी, अरविंद कौशिक, मोतीलाल जांगड़ा, जीतपाल शर्मा, कुलदीप महला, राजेश सिवाच, प्रवक्ता मदनगोपाल, राजेश्वर, प्रदीप, देवेंद्र अत्री, सुखदेव, सरिता डीपी, विनोद बाला, उर्मिला, विजेंद्र जांगड़ा, लक्ष्मण गौड़,सुशील दहिया,विरेंद्र पीटीआई आदि मौजूद थे।



**भिवानी।** एनएनएस के फाउंडेशन डे पर उपस्थित कैडेटस व शिक्षक।

### 'नॉट मी, बट यू' की भावना प्रस्तुत की

# विद्यालय में एन.एस.एस. फाउंडेशन डे मनाया

- 'स्वयं सजे वसुंधरा संवार दे' गीत किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एन.एन एस. फाउंडेशन डे' बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं लक्ष्य गीत 'स्वयं सजे वसुंधरा संवार दे' के साथ हुआ। सर्वप्रथम स्वयंसेविका मुस्कान यादव ने एन.एस.एस. के आदर्श वाक्य /"नॉट मी, बट यू/" की भावना को प्रस्तुत करते हुए भाषण प्रस्तुत किया। साथ ही सात दिवसीय राज्य स्तर कैंप के अपने अनुभवों को भी सांझा किया। स्वयंसेविका वैशाली ने प्रेरणादायक प्रेरक प्रसंग 'मैं चली तो थी अकेली पर बाद में सारे लोग मेरे साथ जुड़ गए' सुनाकर समाज हित के कार्यों पर प्रकाश डाला। तदुपरांत प्रोजेक्टर पर एक वीडियो क्लिप के माध्यम से एन.एस.एस. की गतिविधियों की झलकियां प्रदर्शित की गई जिन्हें देखकर सभी उपस्थित जन भाव-विभोर हो उठे।

इस अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्र प्लांटर क्रियू की टीम लक्ष्य गोयल, नितेश रंगा,पुलकित वर्मा, जतिन चावला व अनुज चावला इत्यादि एन.एस.एस. वॉलिंटियर्स को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपनी मुहिम से प्रेरित करने के लिए पहुंचे। टीम के नेतृत्व कर्ता लक्ष्य गोयल ने कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयंसेवकों को पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। एन.एस.एस. प्रभारी आचार्या कविता तंवर ने स्वयंसेवकों को संगठन की गतिविधियों एवं इसके महत्व से अवगत कराया। विद्यालय के प्राचार्य विमलेश आर्य ने स्वयंसेवकों को सेवा, अनुशासन, निष्ठा, मानवीय गुणों और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश दिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित

**बहल।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा कि उनकी नीतियों पर चलकर ही समाज में समानता की भावना को साकार किया जा सकता है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार पंडित दीनदयाल की नीतियों पर चलकर आमजन का उत्थान कर रही है। वीरवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने की। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने ऐसे समय में गरीब, कमेरे व समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान की बात रखी थी जब समाज का यह वर्ग हासिए पर था। उनका मत था कि समाज तब तक सशक्त नहीं हो सकेगा जब तक सरकार की योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खडे अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच जाए। देश व प्रदेश की भाजपा सरकारें उनकी नीतियों पर काम करते हुए ऐसी योजनाओं का क्रियांवित कर रही है जिसमें समाज के शोषित, वंचित व कमजोर व्यक्ति का हित निहित हो।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### बहल में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**बहल।** ग्राम पंचायत बहल द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत पर खंडस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित करीब 70 महिलाओं का योजना के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। वक्ताओं ने महिलाओं को योजना में शामिल होने के लिए जरूरी पात्रता व उसके लाभ के बारे में बताया गया। वीरवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी उमेद सिंह मुख्यातिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच साधूराम पनिहार ने की। सरपंच साधूराम पनिहार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व उनकी सशक्तिकरण के लिए यह बहुआयामी योजना है।

**मार्केट न्यूज**

### दीन दयाल उपाध्याय जयंती पर एमके हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**भिवानी।** दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती के शुभ अवसर पर हरियाणा सरकार के सौजन्य से "स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार योजना" के तहत एमके हॉस्पिटल, भिवानी में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 288 से अधिक मरीजों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में कई महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं, जिनमें RBS (रैंडम ब्लड शुगर), ECG (ईसीजी), HB (हीमोग्लोबिन), PFT (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट),मैमोग्राफी, न्यूरोपैथी। इन जांचों के माध्यम से मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की गई और समय पर इलाज एवं जीवनशैली सुधार हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ, यूरोलॉजी विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ, इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ, पैथोलॉजी विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ, बाल एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ, क्रिटिकल केयर एवं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, जनरल एवं गैस्ट्रो सर्जन विशेषज्ञ तथा सहायक चिकित्सकगण शामिल थे।

### एपिसोड 4 अक्तूबर को टेलीविजन पर प्रसारित होगा

# बिजेंद्र के स्टंट देख उड़े शो के जजों व आडियंश के होश

- इंडिया इज गॉट टैलेंट में दिखाया जलवा, नशामुक्त भारत का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी की धरती को पहले ही भारत की नर्सरी ऑफ रेसलिंग कहा जाता है, अब नशा मुक्त भारत का सपना का संजोकर चल रहे पहलवान बिजेंद्र सिंह ने शक्ति प्रदर्शन अभियान की पहल और प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। पहलवान और अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले इंडिया इज गॉट टैलेंट सीजन-11 में अपने अद्भुत शक्ति प्रदर्शन से पूरे देश का दिल जीत लिया। बिजेंद्र सिंह ने शक्ति प्रदर्शन-नशा मुक्त भारत का सपना को टीवी मंच पर जीवंत करके दिखाया। उनका ये एपिसोड 4 अक्तूबर को टेलीविजन पर प्रसारित होगा। इंडिया इज गॉट टैलेंट के मंच पर बिजेंद्र सिंह की एंट्री किसी डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार की तरह भव्य रही। पहलवान ने अपनी ताकत और हिम्मत के अनोखे कारनामों से जजों और ऑडियंस को दंग कर दिया।



**भिवानी।** टीवी कलाकार के साथ

### बिजेंद्र का अद्भुत ताकत प्रदर्शन

पहलवान बिजेंद्र सिंह ने पहले राऊंड में अपने शरीर पर बड़े-बड़े लोहे के हथौड़े मरवाए, दूसरा राउंड में अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा को दांतों में झूला झुलाया, तीसरे राउंड में शो के एंकर हर्ष को दांतों में उठाकर दौड़ लगाई, चौथा राउंड में जज शान व एंकर हर्ष को अपने कंधों पर उठाकर मंच पर ताकत का प्रदर्शन किया तथा पांचवें राउंड में आंखों से दो बाल्टी पानी उठाकर सबको हैरान कर दिया।

**प्रदर्शन** पार्षद सुभाष तंवर , एसआई के आश्वासन के बाद वापस लौटे मोहल्लावासी

### रोड जाम के लिए उतरे सड़कों पर

# गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर गरजे श्यामपुर ढाणी के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बारिश व गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर श्याम पुर ढाणी के लोग सड़कों पर उतर आए,लेकिन उसी वक्त पार्षद सुभाष तंवर, संदीप यादव व एसआई दशरथ मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत करके तत्काल समस्या का हल करवाए जाने का भरोसा दिलाया। अधिकारी के भरोसे के बाद मोहल्लावासी वापस अपने घर चले गए। बाद में मोहल्लावासियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि पिछले करीब एक माह से उक्त इलाके में सीवर व्यवस्था बदहाल है। सीवर ब्लाकेज होने की वजह से पानी आगे बहने की बजाए गली व घरों में फैल रहा है। कई बार तो गंदा पानी घरों से बाहर निकलने की बजाए वापस घरों में आ रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारे में कई बार पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। आज क्षेत्र के लोग इसी समस्या को लेकर सड़कों पर आ गए थे,लेकिन एसआई दशरथ व पार्षद सुभाष तंवर ने कार्यकारी अभियंता से बातचीत की और कार्यकारी अभियंता ने तत्काल समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर मोहल्लावासी शांत हुए और अपने घरों को लौट गए। उन्होंने बताया कि सीवर के पानी की निकासी न होने की वजह से लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है।



**भिवानी।** पानी की निकासी की मांग को लेकर नारेबाज करते हुए।

### फैल सकती है महामारी

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि करीब एक माह से गंदा पानी गली व सड़कों पर जमा है। इस पानी में दुर्गंध आने लगी है। मच्छर भिनभिना रहे है। पानी में बदबू आने की वजह से वहां के लोगों का जीना दूभर हो रहा है। अनेक तरह के बुखार ने पैर पसारने आरंभ कर दिए है। साथ ही दूषित पानी की सप्लाई की वजह से लोगों को अनेक तरह की पेट से संबंधित बीमारी जकड़ने लगी है। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में महामारी फैलने की आशंका बन जाएगी।

### महिला महाविद्यालय में हुआ एक दिवसीय शिविर

**तोशाम।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर, एनएसएस पार्क एवं हर्बल पार्क में साफ-सफाई की। साथ ही महाविद्यालय में हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें गांव के नागरिकों व एन एस एस स्वयंसेविकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।